<u>समाचार</u>

जलसंरक्षण व निस्तारी की सुविधा हेतु तालाबों का संरक्षण आवश्यक–महापौर

(महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने वार्ड क्र. 29 में तालाब सौदंर्यीकरण कार्य का किया भूमिपूजन)

कोरबा 16 जून 2019–महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कहा है कि जल के संरक्षण, जल संचयन व आमजन की निस्तारी की सुविधा के मद्देनजर तालाबों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है, तालाबों में पानी रहने से जल स्तर सही रहने का अनुमान लगाया जाता है, लेकिन कुछ वर्षो से तालाबों के सूख जाने से यह साफ हो गया है कि भूमि का जल स्तर काफी नीचे जा रहा है, उन्होने कहा कि निश्चित रूप से तालाबों के संरक्षण एवं उनको बचाने के लिए सभी के सम्मिलित प्रयास की जरूरत है।

उक्त बातें महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने वार्ड क्र. 29 पोड़ीबहार खरमोरा में तालाब के सौदंर्यीकरण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि की आसंदी से कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोसाबाड़ी जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 29 स्थित मां शाकाम्बरी सामुदायिक भवन के पास स्थित तालाब के सौदंर्यीकरण का कार्य कराया जाना है, इसमें तालाब की सफाई, गहरीकरण, पचरी का निर्माण व अन्य आवश्यक कार्य किए जाने हैं। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उक्त तालाब सौदंर्यीकरण के कार्य का भूमिपूजन किया, उन्होने विधिवत पूजा अर्चना कर कार्य का शुभारंभ कराया। इस मौके पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वर्षा ऋतु प्रारंभ होने वाली है, अतः कार्य पूरी गति के साथ संपादित कराएं, कार्य के दौरान गुणवत्ता का ध्यान रखें। उन्होने आगे कहा कि निगम क्षेत्र में सड़क, नाली, पानी, बिजली, साफ–सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कार्यो के साथ–साथ तालाबों के सौदंर्यीकरण एवं उनके संरक्षण के कार्य भी निगम द्वारा निरंतर कराए जा रहे हैं, मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है कि आमजन की मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कार्यो को वरीयता के साथ

संपादित कराया जाए, ताकि लोगों को सभी आवश्यक सुविधाएं प्राप्त हों। इसी के मद्देनजर पेयजल व्यवस्था, स्ट्रीट लाईट, साफ–सफाई कार्य, पहुंच मार्ग, नाली निर्माण, सड़क निर्माण आदि से संबंधित कार्य प्राथमिकता के साथ कराए गए हैं, जो आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

<u>चौपाल लगाकर सुनी लोगों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश–</u> भूमिपूजन कार्यक्रम के पश्चात खरमोरा बस्ती में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने वहां के निवासियों की चौपाल लगाई, उनसे सीधी भेंट कर उनकी समस्याओं व विकास संबंधी आवश्यकताओं पर चर्चा की, इस दौरान वहां के निवासियों ने सड़क पर स्ट्रीट लाईट व अतिरिक्त विद्युत खंभों की मांग की, जिस पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने जोन प्रभारी सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अतिरिक्त विद्युत खंभों की आवश्यकता वाली जगह का तुरंत सर्वे करें तथा जो पारे विद्युतविहीन हैं, वहां विद्युत आपूर्ति हेतु खंभें लगवाएं, साथ ही स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था तुरंत सुनिश्चित करें।

कार्यक्रम के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, पूर्व सभापति संतोष राठौर, पार्षद प्रदीप जायसवाल, कृष्णा द्विवेदी, कुसुम द्विवेदी, सपना चौहान, देव जायसवाल, करम सिंह यादव, अरूण यादव, संजय साह, भोला सोनी, नाफिसा बेगम, लोकराम साहू, सुखी साहू, श्यामलाल, उपेन्द्र यादव, प्रताप सिंह कंवर, फिरतीन बाई, निगम के सहायक अभियंता एन.के.नाथ के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।